क़ुरआन के लिए शुरुआती मार्गदर्शक (3 का भाग 2)

रेटिंग:

विवरण: ????? ????? ?? ?????? ???? ???? ????? ?? ??? ???? ???????? ??????? ?? ?????? ???-??? ?? ???? ??? 2: ????? ?? ?????? ?? ???????? ?? ????????

श्रेणी: पाठ › पवित्र क़ुरआन › क़ुरआन के समीप आना

द्वारा: Imam Mufti

प्रकाशित हुआ: 08 Nov 2022

अंतिम बार संशोधित: 07 Nov 2022

उद्देश्य

- क़ुरआन के पाठ और उसके अनुवाद के बीच के अंतर को समझना।
- बाजार में उपलब्ध अनुवादों के प्रकारों से सचेत रहना।
- क़ुरआन की व्याख्या और उसकी विशिष्ट पद्धति के महत्व को समझना।

अरबी शब्द

- *????* - आस्तिक और अल्लाह के बीच सीधे संबंध को दर्शाने के लिए अरबी का एक शब्द। अधिक विशेष रूप से, इस्लाम में यह औपचारिक पाँच दैनिक प्रार्थनाओं को संदर्भित करता है और पूजा का सबसे महत्वपूर्ण रूप है।
- *??????* - व्याख्या, विशेष रूप से क़ुरआन की समीक्षा।
- *??????* - अध्ययन के क्षेत्र के आधार पर सुन्नत शब्द के कई अर्थ हैं, हालांकि आम तौर पर इसका अर्थ है जो कुछ भी पैगंबर ने कहा, किया या करने को कहा।

क़ुरआन का अनुवाद

एक शुरुआत करने वाले को क़ुरआन के अनुवादों के बारे में कुछ बातों को जानना चाहिए।

सबसे पहला, क़ुरआन और उसके अनुवाद के बीच अंतर है। ईसाई दृष्टिकोण में, बाइबिल बाइबिल है, चाहे वह किसी भी भाषा में हो। लेकिन क़ुरआन का अनुवाद अल्लाह का शब्द नहीं है, क्योंकि क़ुरआन ईश्वर द्वारा बोला गया सटीक अरबी शब्द है, जो पैगंबर मुहम्मद (उन पर अल्लाह की दया और आशीर्वाद हो) को जिब्रील के माध्यम से प्रकट किया गया था। ईश्वर का वचन केवल अरबी क़ुरआन है जैसा कि अल्लाह कहता है:

“हमने इस क़ुरआन को अरबी में उतारा है” (क़ुरआन 12:2)

अनुवाद केवल क़ुरआन के अर्थों की व्याख्या है। अनुवादित पाठ मूल की अद्वितीय गुणवत्ता खो देता है इसलिए इस बात से सचेत रहें कि अनुवाद अर्थ के हर स्तर पर मूल संदेश को किस हद तक प्रतिबिंबित करता है, और यह शायद इससे मेल नहीं खाएगा। इसी लिए क़ुरआन को सिर्फ अरबी में पढ़ा जाना चाहिए, जैसे कि निमाज में क़ुरआन पढ़ना।

दूसरा, क़ुरआन का कोई सही अनुवाद नहीं है और मानवीय कार्य होने के कारण प्रत्येक में लगभग हमेशा त्रुटियां होती हैं। कुछ अनुवाद अपनी भाषाई गुणवत्ता में बेहतर होते हैं, जबकि अन्य अर्थ को चित्रित करने में उनकी सटीकता के लिए जाने जाते हैं। कई गलत, और कभी-कभी भ्रामक अनुवाद बाजार में बेचे जाते हैं जिन्हें आम तौर पर मुख्यधारा के मुसलमानों द्वारा क़ुरआन के विश्वसनीय प्रतिपादन के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है।

तीसरा, जबकि सभी अंग्रेजी अनुवादों की समीक्षा इस पाठ के दायरे से बाहर है, कुछ अनुवाद दूसरों की तुलना में अनुशंसित हैं। सबसे व्यापक रूप से पढ़ा जाने वाला अंग्रेजी अनुवाद अब्दुल्ला युसूफ अली द्वारा किया गया है, इसके बाद मुहम्मद मार्मादुके पिकथल का है, जो एक अंग्रेजी मुस्लिम द्वारा पहला अनुवाद है। युसूफ अली का अनुवाद आमतौर पर स्वीकार्य है, लेकिन उनकी फुटनोट टिप्पणी जो कभी-कभी उपयोगी है, कभी अजीब और अस्वीकार्य हो सकती है। दूसरी ओर, पिकथल में कोई फुटनोट या टिप्पणी नहीं है और इससे शुरुआत में सीखने वाले के लिए मुश्किल हो जाती है। दोनों की भाषा कुछ लोगों के लिए पुरातन और समझने में कठिन होती है। एक और व्यापक अनुवाद डॉ. हिलाली और मुहसिन खान द्वारा किया गया है जिसे 'द इंटरप्रिटेशन ऑफ द मीनिंग ऑफ द नोबल क़ुरआन' कहा जाता है। हालांकि यह सबसे सटीक है, कई लिप्यन्तरित अरबी शब्द और अंतहीन कोष्ठक एक शुरुआत करने वाले के लिए समझना कठिन बनाते हैं और और भ्रमित करते हैं। सहीह इंटरनेशनल द्वारा अधिक प्रवाहित पाठ के साथ एक नया संस्करण प्रकाशित किया गया है, और यह शायद अब तक का सबसे अच्छा अनुवाद है, क्योंकि इसमें अनुवाद की सटीकता है और पढ़ने मे आसान है।

व्याख्या (अरबी में तफ़सीर)

यद्यपि क़ुरआन के अर्थ समझने में आसान और स्पष्ट हैं, लेकिन प्रामाणिक समीक्षा पर भरोसा किए बिना धर्म के बारे में दावा करने में सावधानी बरतनी चाहिए। पैगंबर मुहम्मद न सिर्फ क़ुरआन लाए थे, बल्कि उन्होंने इसे अपने साथियों को समझाया भी था, और इन कथनों को आज तक एकत्र और संरक्षित किया गया है। महानअल्लाह कहता है:

"और आपकी ओर ये शिक्षा (क़ुरआन) अवतरित की, ताकि आप उसे सर्वमानव के लिए उजागर कर दें, जो कुछ उनकी ओर उतारा गया है" (क़ुरआन 16:44)

क़ुरआन के कुछ गहरे अर्थों को समझने के लिए, व्यक्ति को उन समीक्षाओं पर भरोसा करना चाहिए जो पैगंबर के साथ-साथ उनके साथियों के बयानों का उल्लेख करते हैं, न कि उन पर जो वे पढ़ के समझते हैं, क्योंकि उनकी समझ उनके पूर्व ज्ञान तक सीमित है।

उचित अर्थ निकालने के लिए क़ुरआन की व्याख्या के लिए एक विशिष्ट पद्धति मौजूद है। कुरानिक विज्ञान इस्लामी विद्वता का एक अत्यंत विशिष्ट क्षेत्र है, जिसके लिए कई विषयों में महारत की आवश्यकता होती है, जैसे कि व्याख्या, पढ़ना, लिपि, अतुलनीयता, रहस्योद्घाटन के पीछे की परिस्थितियां, निरिस्तीकरण, कुरानिक व्याकरण, असामान्य शब्द, न्यायशास्त्रीय नियम और अरबी भाषा और साहित्य। शुरुआत करने वाले व्यक्ति को विनम्रता के साथ क़ुरआन सीखना चाहिए।

?????? के विद्वानों के अनुसार क़ुरआन की आयतों को समझाने का उचित तरीका है:

(i) क़ुरआन द्वारा क़ुरआन की तफसीर।

(ii) पैगंबर की सुन्नत द्वारा क़ुरआन की तफ़सीर।

(iii) पैगंबर के साथियो के बयानों द्वारा क़ुरआन की तफ़सीर।

(iv) अरबी भाषा द्वारा क़ुरआन की तफ़सीर।

(v) विद्वानों की राय द्वारा क़ुरआन की तफ़सीर यदि यह उपरोक्त चार स्रोतों का खंडन नहीं करता है।

शुरुआत करने वाले के लिए एक अंतिम सलाह: नोट्स बनायें, पढ़ने के दौरान आने वाले प्रश्न लिखें, और अंत में उन लोगों के पास जाएं जिन्हें धर्म के बारे में उचित ज्ञान है और यदि उनकी व्याख्या साक्ष्य पर आधारित है तो उसे स्वीकार करें।

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/hi/articles/18

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।